:: आदेश ::

बैंक पदोन्नत कमेटी की दिनांक 29.01.2018 को आहूत बैठक में कमेटी के सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी कि सहयोगी संवर्ग से पदोन्नति किए जाने हेतु आर्हता रखने वाले कार्मिकों से दिनांक 13.02.2018 तक विकल्प प्राप्त कर लिया जाये कि उनकी पदोन्नति सहायक शाखा आंकिक अथवा सहायक फील्ड आफीसर में से किस पद पर की जाये एवं प्राप्त विकल्पों पर पद की उपलब्धता के आधार पर पदोन्नति पर विचार किया जायेगा।

उक्त के कम में आर्हता रखने वाले सहयोगी संवर्ग के कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 13.02.2018 तक अधोलिखित विवरण के अनुसार विकल्प प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त विकल्पों पर विचार नही किया जायेगा तथा प्रशासन द्वारा अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

:: विकल्प का प्रारुप ::

मैं .... पुत्र श्री ...., पद सहयोगी, उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, शाखा .... जनपद .... पदोन्नति हेतु सेवा अवधि पूर्ण कर ली गई है तथा अपनी पदोन्नति हेतु सहायक शाखा आंकिक/सहायक फील्ड आफिसर के पद पर विकल्प प्रस्तुत कर रहा हूँ।

दिनांक –

भवदीय,

हस्ताक्षर, नाम, पदनाम व शाखा

नोट – विकल्प पर कार्मिक द्वारा अपना दावा प्रस्तुत नही किया जा सकता है। पदोन्नति पद की उपलब्धता एवं प्रशासन के विवेक के आधार पर होगी।

(आर0 बी0 गुप्ता)

मुख्य महाप्रबन्धक(प्रशासन)

उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय, लखनऊ।

आदेशांक 18041 /स्थापना/2017–18 दिनांक : 08/02/2018

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु : –

1. सम्बंधित कार्मिक, उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त शाखा प्रबन्धक, उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, उत्तर प्रदेश।
3. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी/सदस्य, प्रधान कार्यालय, लखनऊ।
4. श्री संजय, प्रबन्धक श्रेणी–3/सदस्य, प्रधान कार्यालय, लखनऊ।
5. उप महाप्रबन्धक(आई0टी0सेल), प्रधान कार्यालय को वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
6. सम्बंधित पटल सहायक (स्थापना अनुभाग) को इस निर्देश के साथ कि वे सूचनाएं तैयार कर समय से कमेटी के सम्मुख प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मुख्य महाप्रबन्धक(प्रशासन)